**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-567**
**जिसका उत्तर 21 नवम्बर, 2016 को दिया जाना है ।**

**महाराष्ट्र में ग्रामीण विद्युतीकरण**

**567. श्री डी. पी. त्रिपाठीः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महाराष्ट्र में संपूर्ण ग्रामीण विद्युतीकरण हो गया है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रक्रिया में कितने गांव और ग्रामीण परिवारों को कवर किया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो उक्त राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पूर्ण विद्युतीकरण प्राप्त करने में आ रही बाधाओं का ब्यौरा क्या है और उनके लिए क्या-क्या कदम उठाये गये हैं?

**उत्तर**

**विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (ग) :** महाराष्ट्र सरकार ने सूचित किया था कि राज्य में कोई भी गैर-विद्युतीकृत राजस्व गांव नहीं था। तदन्तर, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (महावितरण) ने सूचित किया है कि नवीकरणीय स्रोतों के कार्यशील नहीं होने के कारण 280 राजस्व गांव और 1514 **वड़ीपाड़ा** (वासस्थल) निर्विद्युतीकृत हो गए हैं। महाराष्ट्र ने राज्य योजना के अन्तर्गत उन्हें विद्युतीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत, भारत सरकार ने अगस्त, 2015 में 3.95 लाख बीपीएल घरों सहित 30,245 विद्युतीकृत गांवों, 49,387 वासस्थलों को शामिल करते हुए 2163.44 करोड रुपए की लागत से महाराष्ट्र राज्य में विभिन्न ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यों के लिए 37 परियोजनाएं अनुमोदित की है।

********